पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेश में मई माह में ''खेलो इण्डिया यूनिवर्सिटी गेम्स–2022'' का आयोजन प्रस्तावित

देश भर से लगभग 4000 एथलीट सहित 7500 लोग लेंगे हिस्सा

यूनिवर्सिटी गेम्स में यूनिवर्सिटी के अंडर–27 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे

लखनऊ, वाराणसी, नोएडा तथा गोरखपुर में यूनिवर्सिटी गेम्स का होगा आयोजन

यूनिवर्सिटी गेम्स के तहत 21 खेल प्रतियोगिताएं होगी

खेल मंत्री की अध्यक्षता में आर्गनाइजिंग कमेटी की पहली बैठक

उत्तर प्रदेश में आयोजित होने वाले यूनिवर्सिटी गेम्स के सफल आयोजन पर पूरी दुनिया की निगाहें रहेंगी–श्री गिरीश चन्द्र यादव

यूनिवर्सिटी गेम्स के अंतर्गत बीबीडी यूनिवर्सिटी को बनाया जायेगा खेल गांव–डा0 नवनीत सहगल

लखनऊ : 06 अप्रैल, 2023

उत्तर प्रदेश में आगामी मई माह में दस दिवसीय ''खेलो इण्डिया यूनिवर्सिटी गेम्स–2022'' का आयोजन होना प्रस्तावित है। इसमें देश भर से लगभग 4000 एथलीट सहित 7500 लोग हिस्सा लेंगे। लखनऊ में गेम्स की ओपनिंग सेरेमनी और वाराणसी में क्लोजिंग सेरेमनी होगी। यूनिवर्सिटी गेम्स में यूनिवर्सिटी के अंडर–27 खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। ''खेलो इण्डिया यूनिवर्सिटी गेम्स–2022 का आयोजन उत्तर प्रदेश के चार शहरों लखनऊ, वाराणसी, नोएडा तथा गोरखपुर में किया जायेगा। साथ ही एक गेम दिल्ली में भी आयोजित होगा। इसके अंतर्गत कुल 21 खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा।

प्रदेश खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री गरीश चन्द्र यादव की अध्यक्षता में आज केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आर्गनाइजिंग कमेटी की पहली बैठक हुई। इसमें अपर मुख्य सचिव, डा0 नवनीत सहगल सहित आयोजन से जुड़े सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर श्री यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश को पहली बार खेलो इण्डिया यूनिवर्सिटी गेम्स की मेजबानी का मौका मिला है। यह हम सभी प्रदेशवासियों के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि कोरोना से निपटने में उत्तर प्रदेश को पूरे विश्व ने सराहा है। उसी प्रकार इस गेम्स के सफल आयोजन पर पूरी दुनिया की निगाहें उत्तर प्रदेश पर रहेंगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश भी दिये कि आयोजन से जुड़े सभी विभाग समन्वय बनाकर कार्य करें। महिला खिलाड़ियों की सुरक्षा एवं सुविधाओं का विशेष ख्याल रखा जाये। आयोजन में लगे सभी कर्मियों की ट्रेनिंग कराई जाये। गेम्स के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक–चौबंद होनी चाहिए।

खिलाड़ियों को आने–जाने, ठहरने, खाने, खेलने आदि में किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए।

डा0 सहगल ने कहा कि खेलो इण्डिया यूनिवर्सिटी गेम्स राज्य सरकार का प्रतिष्ठापरक आयोजन है। इसमें पूरे देश से 4000 एथलीट, 1200 सपोर्ट स्टाफ तथा 900 तकनीकी अधिकारी शामिल होंगे। इनकी सुविधा के लिए विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ–साथ लगभग 1300 वालंटियर्स लगाये जायेंगे। सभी वालंटियर्स को प्रतिदिन 500 रुपये का मानदेय भी दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि गेम्स के सफल आयोजन हेतु सभी चारों जनपदों में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में लोकल मैनेजमेंट कमेटी का गठन किया गया है। बीबीडी यूनिवर्सिटी को खेल गांव बनाया जायेगा। उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों से आने वाले खिलाड़ियों एवं सपोर्टिंग स्टाफ के लिए बेहतर परिवहन, खाने एवं ठहरने की व्यवस्था होगी। खिलाड़ियों की सुविधा के लिए रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन एवं एअरपोर्ट पर हेल्प डेस्क स्थापित की जायेगी।

बैठक में प्रमुख सचिव, बेसिक शिक्षा श्री दीपक कुमार, प्रमुख सचिव परिवहन एम वेंकटेश्वर लू सहित, निदेशक खेल श्री आर0पी0 सिंह, अपर निदेशक सूचना श्री अंशुमान राम त्रिपाठी सहित नगर विकास, उच्च शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, स्वास्थ्य, पुलिस विभाग विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं स्पोर्ट अथारिटी ऑफ इण्डिया (साई) एवं खेलो इण्डिया के अधिकारी भी मौजूद थे तथा यूनिवर्सिटी के प्रमुख भी ऑनलाइन जुड़े रहे।

सम्पर्क सूत्र– अमित यादव/रवि यादव

राम यतन/06:30 PM

फोन नम्बर Direct : 0522–2239023 ई0पी0बी0एक्स0: 0522–2239132,33,34,35 एक्सटेंशन : 223 224 225
फैक्स नं0 : 0522–2237230 0522–2239586 ई–मेल : upsoochna@gmail.com
वेबसाइट :www.information.up.gov.in